# Post Graduate Government College for Girls, Sector 42, Chandigarh

Affiliated to Panjab University,Chandigarh

## NAAC Accredited 'A' Grade (CGPA – 3.21)

## AISHE Code : C-29391

# Internal Quality Assurance Cell (IQAC)


Prof. Lakhvir Singh
IQAC Coordinator


Prof. Nisha Aggarwal
Principal

Office 0172-2676005

FAX 0172-2676005


www.gcg42.ac.in


gcg42chd@yahoo.com







**Paper Reading competition on Relevance of Panchayati Raj Institution on 14th May 2022**







**Gurudev Rabindra Nath Tagore Birth Anniversary Celebration on 8th & 9th May 2022**







**Celebration of Earth Day on 22 April 2022**




**Blood Donation Camp on 12th April 2022**







**Extension Lecture on Dr. B.R. Ambedkar: Indian Constitution and Issue of Social Justice on 12th April 2022**






**AIDS / Public health/Community hygiene & Sanitation Awareness on 26 March 2022**




**International Mother Language Day (21.02.2022)**






**Environment Fest-2022 on 24th February 2022**



25 अगस्त 2021

पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स सेक्टर 42 चंडीगढ़ में गो सोलर सेव पोलर विषय पर अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया

चंडीगढ़ : देश प्यार : 24अगस्तः पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स सेक्टर 42, चंडीगढ़ के सृष्टि – पर्यावरण सोसायटी और भूगोल विभाग ने क्रेस्ट, चंडीगढ़ द्वारा प्रायोजित «गो सोलर सेव पोलर» विषय पर अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया। इस अवसर पर जागरूकता व्याख्यान, अंतर महाविद्यालय व अंतर विद्यालय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें स्कूलों और कॉलेजों से भारी भागीदारी प्राप्त हुई। कॉलेज वर्ग में एमसीएम डीएवी सेक्टर -36 चण्डीगढ़ से अक्षिका जैन, पीजीजीसीजी -42 चण्डीगढ़ से अमरजोत कौर, एमसीएम डीएवी सेक्टर -36 से निधि क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल वर्ग में जीजीएमएस स्कूल-18 चण्डीगढ़ से सुमिती शर्मा, दीपा ओली और हरमनप्रीत कौर सभी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। गैर नवीकरणीय से नवीकरणीय ऊर्जा विषय पर भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो (डॉ) गौरव कलोत्रा ने ज्ञानवर्द्धक व्याख्यान दिया। प्राचार्य प्रो (डॉ) निशा अग्रवाल जी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए । कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुरेंद्र व डॉ रंजना शर्मा गर्ग जी ने संयुक्त रूप से किया। पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती सुनीता जी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

**Picture: Celebration of Akshay Urja Diwas on 24th August 2022**

वर्ष - 9 अंक - 289
कुल पृष्ठ 4 मूल्य - 2 रु.
लुधियाना
04 अगस्त, 2022

निर्भीक एवं निष्पक्ष

जागृति लहर

JAGRATI LAHAR
ਜਾਗ੍ਰਤੀ ਲਹਿਰ

शहीद बाबू लाभ सिंह एवं शहीद नरिंदर नाथ खन्ना को समर्पित समाचार पत्र

मुख्य संपादक : गौतम जालंधरी · www.jagratilahar.com · Email : jagratilahar@gmail.com · RNI No. PUNBIL/2014/59855

YouTube youtube/c/jagratilehar · www.facebook.com/jagratilehar · 81462-00161, 98154-82954

# पीजीजीसीजी–42 चण्डीगढ़ में वृक्षाबन्धन 2022 मनाया गया

चंडीगढ़, 3 अगस्त (जेके बत्ता) । स्थानीय दिनांक 3 अगस्त, 2022 को पीजीजीसीजी-42, महाविद्यालय चंडीगढ़ के फल उद्यान में प्राचार्या प्रो(डॉ.) निशा अग्रवाल जी के सान्निध्य में पर्यावरण विभाग की सृष्टि इकाई द्वारा वृक्षारोपण तथा राखी के विशेष उत्सव के उपलक्ष्य पर वृक्षाबंधन कर वन महोत्सव 2022 मनाया गया। जिसमें मुखय अतिथि के तौर पर श्री प्रवीन यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, चण्डीगढ़ पहुँचे। फल



उद्यान में 25 प्रकार के पौधे रोपित किए गए जिसमें गूलर, अमरूद, आँवला, कटहल, गुरमार, शहतूत आदि फलदार पौधे शामिल हैं। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं द्वारा तैयार की गई हाथ से बनी राखियाँ भी जीवनदाता और संरक्षक के रूप में उनके महत्व को उजागर करने के लिए पेड़ों पर बांधी गईं।

**Picture: Tree Plantation and Vrikshabandhan organised by Srishti on 3rd August 2022**

देश प्यार

# शैक्षिक संस्थानों में स्वच्छता सर्वेक्षण कार्रवाई और सतत प्रयास और सतत जल प्रबंधन-` कैसे प्राप्त करें कार्यशाल आयोजित

**चंडीगढ देश प्यार :** स्थानीय पी.जी.जी.सी.जी.-42, चंडीगढ़ महाविद्यालय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आपसी सहयोग से शैक्षिक संस्थानों में स्वच्छता सर्वेक्षण कार्रवाई और सतत प्रयास और सतत जल प्रबंधन- इसे कैसे प्राप्त करें और स्वच्छता कार्य योजना-2022 के तत्वावधान में पर कार्यशालाएं आयोजित की गई। एम.जी.एन.सी.आर.ई., शिक्षा मंत्रालय और भारत सरकार के संसाधन व्यक्ति श्री अजय तंवर और प्रो. सिमरजीत शेरगिल जी ने उपरोक्त विषयों पर छात्रों को ज्ञान दिया और उनका ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉक्टर रंजना शर्मा गर्ग जी ने मुख्य वक्ताओं के जीवन और उनके व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला। इसके बाद मुख्य वक्ता प्रो. सिमरजीत जी ने आगे बताया कि संसार के प्रत्येक प्राणी का जीवन आधार जल ही है। शायद ही ऐसा कोई प्राणी हो जिसे जल की आवश्यकता न हो। जल हमें समुद्र, नदियों, तालाबों, झीलों, वर्षा एवं भूजल के माध्यम से प्राप्त होता है। गर्म हवाओं के चलने से समुद्र, नदियों, झीलों, तालाबों का जल वाष्पित होकर ठंडे स्थानों की ओर चलता है जहाँ पर न्यून तापमान के कारण संघनित होकर वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिरता है। जबकि पहाड़ों पर और भी कम तापमान होने के कारण जल बर्फ के रूप में जम जाता है जोकि गर्मी के दिनों में पिघलकर नदियों में चला जाता है। मानव अपने स्वास्थ्य, सुविधा, दिखावा व विलासिता को दिखाने के लिये अमूल्य जल की बर्बादी करने से नहीं चूकता है। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते हैं। परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। यदि हम अपनी आदतों में थोड़ा-सा भी बदलाव कर लें तो पानी की बर्बादी को रोका जा सकता है। बस आवश्यकता है दृढ़संकल्प करने की तथा उस पर गंभीरता से अमल करने की, क्योंकि जल है तो हमारा भविष्य है। इसलिए यदि हम पानी की बचत करते हैं तो यह भी जल संग्रह का ही एक रूप है। एक अध्ययन से पता चला है कि मानव यदि अपनी आदतों को बदल लें तो 80 प्रतिशत से भी अधिक पानी की बचत हो सकती है। यदि मानव तमाम नहीं कुछ ही आदत बदल लें तो भी 15 प्रतिशत जल की बचत संभव है। बूँद-बूँद की बचत से एक बड़ी बचत हो सकती है। इस प्रकार पानी की बचत ही जल संरक्षण है।इन कार्यशालाओं में लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) निशा अग्रवाल जी ने कहा कि सतत भविष्य के लिए गतिशील मॉडलिंग बहुआयामी पहलुओं में दिशात्मक बल के लिए हम एमजीएनसीआरई के विशेष रूप से आभारी हैं। उन्होंने कार्यशाला के समन्वयकों की भी सराहना की और छात्रों को संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने और स्थायी भविष्य में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती सुनीता कुमारी अध्यक्षा पर्यावरण विभाग एवं कार्यक्रम समन्वयिका ने कार्यशाला के सफल प्रयोजन और उद्देश्य को सार्थक बताते हुए और छात्रों को उनके धैर्यपूर्वक व्याख्यान को श्रवण करने हेतु और व्याख्यान में सवाल जवाब के लिए बढ़ चढ़ कर भाग लेने हेतु उनका हृदय से आभार प्रकट किया और अपने विचारों से प्रेरित करने के लिए प्राचार्या जी के साथ साथ मुख्यअतिथियों और सभा में मौजूद संकाय के सभी सदस्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पर्यावरण समिति के सभी सदस्यों में डॉक्टर रंजना शर्मा गर्ग, डॉ. दविंदर कौर, डॉ. मन्वी मलवाल (वनस्पति विज्ञान), डॉ. संगम वर्मा (हिन्दी विभाग), डॉ. अनु चावला आदि उपस्थित थे।



**Picture: Lecture on Sustainable Water Management and how to achieve it on 9th March 2022**

# अनीता धर्मपाल ने महाविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



- पीजीजीसीजी-42 महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन

**Picture: Celebration of International Women Day on 8th March 2022**

# पीजीजीसीजी-42 महाविद्यालय चंडीगढ़ में आदर्श महिलाओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



- 60 प्रतिभागियों ने अपने रोल मॉडल के अवतार में खुद को प्रस्तुत किया

चंडीगढ़/स्टेट समाचार

**Picture: Celebration of International Women Day organising Fancy Dress Competition**

# एनएसएस शिविर का उद्घाटन

चंडीगढ़, 22 फरवरी (ट्रिब्यू)

स्नातकोत्तर राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-42 की एनएसएस इकाई ने प्रिंसिपल प्रो. निशा अग्रवाल के निर्देशन में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंजाब यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो. अश्विनी कौल रहे। कॉलेज के डीन सुरेश कुमार, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जगन्नाथ, डॉ. नेमी चंद तथा अन्य एनएसएस अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 200 वॉलेंटियर्स पहुंचे। सात दिन चलने वाले इस शिविर में वॉलेंटियर्स विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में वॉलेंटियर्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रो. अश्विनी कौल ने वॉलेंटियर्स का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति सेवा स्वयंसेवकों के व्यवहार में झलकनी चाहिए । उन्होंने अपने कई अनुभव साझा किये। एनएसएस अधिकारी डॉ. हरप्रीत कौर ने आज शिविर के पहले सेशन में एक डॉक्यूमेंट्री दिखायी।

**Picture: Inauguration of 7 Days NSS Camp in College on 4th December 2021**

# युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और सम्मान पैदा हो




सुनील पांडे, संवाददाता-इदम प्रभात

चंडीगढ़। पीजीजीसीजी-42 की एनएसएस यूनिट ने नेहरू युवा केंद्र, चंडीगढ़ के पारस्परिक सहयोग से युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और सम्मान पैदा करने के लिए तथ कला और संस्कृति कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रचार-प्रसार किया। क्योंकि अगर लोकनृत्य खो गए, देशी संस्कृति चली गई, लोगों की पहचान चली गई। इसलिए हम सभी को देश के विभिन्न राज्यों के लोक संगीत, लोक नृत्य और लोक नाटक को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। तो यह मूल रूप से युवाओं के लिए अपनी संस्कृति के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और इसे आगे संरक्षित करने और बढ़ावा देने का एक मंच था। इस कार्यक्रम में एकल और समूह गायन, एकल और समूह नृत्य जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारत एक बहु-सांस्कृतिक देश है और हर राज्य की अपनी संस्कृति, भाषा और धर्म होता है। नेहरू युवा केंद्र के एनएसएस स्वयंसेवकों और अन्य स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों जैसे हिमाचली, राजस्थानी, हरियाणवी, मणिपुरी, दक्षिण भारतीय, गिद्दा और भांगड़ा आदि के विभिन्न लोक गीतों और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। गुरलीन कौर धालीवाल, श्री प्रमोद राणा, डॉ. रंजना शर्मा और डॉ. सुजाता ने कार्यक्रमों का निर्णायक मण्डल की भूमिका निभायी प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तीन को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) निशा अग्रवाल ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आयोजनों में आगे भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**Picture: District level Art and Culture Programme on 29th December 2021**

**ऑनलाइन गतिविधियों में श्रुत लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन, निबन्ध लेखन मुकाबले करवाए**

# हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम करवाया

चंडीगढ़, 14 सितंबर (राकेश शर्मा): स्थानीय स्नातकोत्तर राजकीय कन्या महाविद्यालय सैक्टर-42 की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) निशा अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में और हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) लखवीर सिंह जी के कुशल नेतृत्व एवं हिन्दी विभाग के शिक्षकों के भगीरथ प्रयास से 7 सितंबर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समापन मंगलवार को महाविद्यालय के आई.टी. ब्लॉक के मल्टीमीडिया में हुआ। यह कार्यक्रम दो चरणों में रखा गया था, प्रथम चरण में 7 से 13 सितंबर तक ऑनलाइन गतिविधियों में श्रुत लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन, निबन्ध लेखन, गीत गायन, कविता लेखन आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। जबकि दूसरा चरण 14 सितंबर को काव्य उच्चारण प्रतियोगिता के रूप में था, जिसमें हिन्दी विभाग की द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अलग-अलग विषयों पर कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का आरम्भ मंच संचालक डॉ. सगन शर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज हिन्दी भाषा के साथ हमें चाहिए हम अपनी बोलियों को और अच्छे से जानें यदि हमने इन्हें बचा लिया हमारी भाषा स्वतः बच जाएगी। इसके बाद सरस्वती पूजन के लिए दीप प्रज्वलन की रस्म अदा की गयी। जिसमें महाविद्यालय के डीन प्रो. सुरेश कुमार जी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए, इसके बाद विभाग के अध्यक्ष प्रो.लखवीर सिंह ने अपने स्वागत वक्तव्य में हिन्दी दिवस की महत्ता पर गहन प्रकाश डाला और इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर गूढ़ चर्चा की और कहा की हम सभी हिन्दी में सपने देखते हैं, तो आप सभी अपने सपनों को जियो, भाषा तोड़ती नहीं बल्कि जोड़ती है, हमारा मूल हमारी भाषा ही है, जिसमें हम गर्व महसूस करते हैं। इसके बाद काव्य उच्चारण प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं ने काव्य पाठ करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रसिद्ध साहित्यकारों से लेकर अपनी मौलिक रचनाओं का भी पाठ किया। इसके बाद डॉ. नीता कौशिक जी ने दैनिक दिनचर्या में प्रयोग होने वाले शब्दों का प्रयोग से सम्बन्धित शब्दों के परम्परागत रूप बताए, जो हम प्रयोग में करते हैं। इसके बाद पुरस्कार वितरण में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा अग्रवाल जी विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुईं और उन्होंने सभी छात्राओं को इस समारोह में भाग लेने पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा अग्रवाल जी ने सभी प्रतिभागियों को मुबारकबाद दी, और हिन्दी दिवस पर इस कार्यक्रम की सफलता के लिए विभाग के शिक्षकों को सराहा। काव्य उच्चारण की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में अंग्रेजी विभाग से जसप्रीत कौर, इतिहास विभाग से डॉ. हरजीत सेठी, अर्थशास्त्र विभाग से श्रीमती निर्मिंदर कौर ने कुशलता से निभाई।

दैनिक सवेरा Wed, 15 September 2021 epaper.dainiksaveratimes.org/c/63121717

# "हिन्दी पखवाड़ा" हिन्दी विभाग द्वारा 7 सितम्बर से 14 सितम्बर 2021, शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" भारत@75

## कॉलेज फॉर गर्ल्स सेक्टर-42, चंडीगढ परिसर में किचन गार्डन, हर्बल गार्डन और फलों के बगीचे का रखरखाव / पोषण करके राष्ट्रीय पोषण सप्ताह




चंडीगढ़ : देश प्यार : स्नातकोत्तर कॉलेज फॉर गर्ल्स सेक्टर-42, चंडीगढ़ में 'पोषण अभियान% के तहत महाविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग द्वारा कॉलेजपरिसर में किचन गार्डन, हर्बल गार्डन और फलों के बगीचे का रखरखाव / पोषण करके राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1-7) मनाया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. देविंदर कौर और डॉ. मानवी मालवाल ने अपने छात्रों के साथ पोषण उद्यान का दौरा किया और उन्हें स्वयं से उगाए गए जैविक खाद्य के महत्व- पर अपने गहनपरक व्याख्यान के साथ ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को जैविक रूप सेउगाने और उपभोग करने जैसे छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वस्थ जीवन के लिए ताजे फल और सब्जियां उगाएं पर्यावरणअध्ययन विभाग की श्रीमती सुनीता कुमारी, डॉ रंजना शर्मा ने अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जड़ी-बूटियों को स्वास्थ्य पूरक केरूप में लेने पर जोर दिया।महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) निशा अग्रवाल जी ने सभी स्थलों का निरीक्षण किया और इस कार्यक्रम मेंशामिल हुई छात्राओं के साथ-साथ संकाय के सदस्यों और मालियों को अपने संदेश के साथ प्रेरित करते हुए कहा कि %हमें कम खानानहीं है, हमें बस सही खाना है% बस यही मूल मन्त्र हमें अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

**Picture: Poshan Mah Celebration in college on 7th September 2021**

देशप्यार 22 अगस्त 2021

## पीजीजीसीजी-42 चंडीगढ़ महाविद्यालय में राखी के उपलक्ष्य पर वृक्षाबन्धन का आयोजन



चंडीगढ़ (देश प्यार) पीजीजीसीजी-42 चंडीगढ़ महाविद्यालय की सृष्टि, पर्यावरण सोसायटी और हिंदी विभाग के पारस्परिक सहयोग से राखी के उपलक्ष्य पर वृक्षाबन्धन का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिवार में इको-राखी उत्सव के अवसर पर पेड़ों को हमारे वास्तविक रक्षक के रूप में राखी बांधना था। इस आयोजन के पीछे का विचार रक्षा बंधन की सदियों पुरानी परंपरा के माध्यम से प्रकृति के साथ हमारे बंधन को मजबूत करने का संदेश फैलाना है। कॉलेज की छात्राओं और प्राध्यापकों ने पेड़ों पर राखी बांधी। दरअसल यह कॉलेज के सभी पर्यावरण प्रेमियों की एक सामूहिक पहल थी जो प्रकृति के संरक्षण हेतु मिलकर काम कर रहे हैं। प्राचार्या प्रो. निशा अग्रवाल जी ने छात्रों की रचनात्मकता और एक महान सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में हरित कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर कॉलेज डीन श्री सुरेश कुमार, वाइस प्रिंसिपल श्री जगन नाथ और प्रो लखबीर सिंह, अध्यक्ष हिंदी विभाग और अन्य संकायों के सदस्य उपस्थित थे।

"Celebrated Eco-Rakhi" by SRISHTI, the Environment Society in collaboration with the Department of Hindi on 21 August 2021



A health worker administers the Covid jab during a camp at a college in Sector 42, Chandigarh, on Tuesday. PHOTO: VICKY PAGE 2

Covid-19 Vaccination Drive Organised by Education Department in Collaboration with Health Department, Chandigarh Administration from 20th July 2021

## Importance of research for teaching fraternity discussed

CHANDIGARH, JULY 6

A seven-day online faculty development programme on the theme search, research and publication ethics for faculty members of colleges and universities started today.


The course is organised by the UGC-Human Resource Development Centre (HRDC), Panjab University, and Post Graduate Government College for Girls (PGGCG), Sector 42, under the aegis of RUSA, UT, Chandigarh.

Prof SK Tomar, Honorary Director, HRDC, PU, and Prof BS Dhaiya, former Vice-Chancellor, Kurukshetra University, inaugurated the event. Dr Dilip Kumar, who was the guest of honour for the programme, discussed importance of research for teaching fraternity.


Prof Nisha Aggarwal, Principal, PGGCG, Sector 42, thanked the UGC-HRDC, PU, Chandigarh, for granting permission to do this course.

Dr Wiqas Ghai, Associate Professor from RIMT University, Mandi Gobindgarh, and Prof Sunil Dutt from the NITTTR, Chandigarh, took two technical sessions of the day. As many as 41 participants from all over the country have enrolled for the programme. — TNS

7-Days Online Faculty Development Programme on the theme Search, Research and Publication Ethics started on 6.07.2021 and will continue till 12.07.2021




**Essay Writing Competition on Role of Teachers in Nation Building on 6th**




**Celebration of Kargil Vijay Diwas on 26th July 2021**